**INTELLIGENCE BUREAU**

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/09/2025 |
| Test Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Post Name | ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-GRADE-II/EXECUTIVE |

Section : **Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.1 | 2025 ग्रैमी अवाड्र्स में किस कलाकार ने रिकॉर्ड ऑफ द ईयर (Record of the Year) जीता? |
| Ans | ✗ 1. बिली इलिश (Billie Eilish) |
| | ✓ 2. केंड्रिक लैमर (Kendrick Lamar) |
| | ✗ 3. टेलर स्विफ्ट (Taylor Swift) |
| | ✗ 4. ओलिविया रोड्रिगो (Olivia Rodrigo) |

| | |
|---|---|
| Q.2 | 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाए जाने वाले 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का विषय क्या था, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की एक पहल है? |
| Ans | ✗ 1. भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध हों |
| | ✗ 2. एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत |
| | ✗ 3. सतर्क भारत, समृद्ध भारत |
| | ✓ 4. राष्ट्र की समृद्धि के लिए संपूर्णता की संस्कृति |

| | |
|---|---|
| Q.3 | 2025 में, पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार किस खिलाड़ी ने जीता? |
| Ans | ✗ 1. रोहित शर्मा |
| | ✗ 2. विराट कोहली |
| | ✗ 3. सूर्यकुमार यादव |
| | ✓ 4. जसप्रीत बुमराह |

| | |
|---|---|
| Q.4 | TB जीनोम अनुक्रमण प्रयास में कौन-से संगठन मिलकर कार्य कर रहे हैं, जिसके अंतर्गत मार्च 2025 में ट्यूबरकुलोसिस के विरुद्ध लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता की घोषणा की गई थी? |
| Ans | ✔ 1. जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) |
| | ✘ 2. विश्व स्वास्थ्य संगठन और UNICEF |
| | ✘ 3. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और नीति आयोग |
| | ✘ 4. रक्षा अनुसंधान विकास संगठन और भारतीय रेलवे |

| | |
|---|---|
| Q.5 | मार्च 2025 में निम्नलिखित में से किसे, 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था? |
| Ans | ✘ 1. केदार नाथ सिंह |
| | ✘ 2. अमिताव घोष |
| | ✘ 3. डॉ. रघुवीर चौधरी |
| | ✔ 4. विनोद कुमार शुक्ल |

| | |
|---|---|
| Q.6 | केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की मेज़बानी में, खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का पहला चरण क्रमशः __________ को शुरू और समाप्त हुआ। |
| Ans | ✘ 1. 22 जनवरी और 27 जनवरी |
| | ✔ 2. 23 जनवरी और 27 जनवरी |
| | ✘ 3. 23 जनवरी और 29 जनवरी |
| | ✘ 4. 20 जनवरी और 25 जनवरी |

| | |
|---|---|
| Q.7 | आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत में बिकने वाले कितने प्रतिशत स्मार्टफोन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं? |
| Ans | ✔ 1. 99% |
| | ✘ 2. 75% |
| | ✘ 3. 95% |
| | ✘ 4. 85% |

| | |
|---|---|
| Q.8 | 2025 में, किस भारतीय राज्य सरकार ने खो-खो को बढ़ावा देने के लिए ₹15 करोड़ आवंटित किए? |
| Ans | ✘ 1. तेलंगाना |
| | ✘ 2. केरल |
| | ✘ 3. पंजाब |
| | ✔ 4. ओडिशा |

| | |
|---|---|
| Q.9 | साइबरपीस (CyberPeace), एक प्रमुख साइबर सुरक्षा गैर-लाभकारी संगठन, ने मार्च 2025 में किस यूनिकॉर्न संगठन के सहयोग से 'डिजिटल जन शक्ति' पहल प्रारंभ की है? |
| Ans | ✗ 1. आईप्रॉस्पेक्ट इंडिया (iProspect India) |
| | ✓ 2. इनमोबी (InMobi) |
| | ✗ 3. रेज़रपे (Razorpay) |
| | ✗ 4. वॉटकंसल्ट (WATConsult) |

| | |
|---|---|
| Q.10 | 2025 में, माधव राष्ट्रीय उद्यान को भारत में कौन-से बाघ अभयारण्य के रूप में नामित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. 60वें |
| | ✗ 2. 57वें |
| | ✓ 3. 58वें |
| | ✗ 4. 59वें |

| | |
|---|---|
| Q.11 | वर्ष 2025 में, राष्ट्रीय खेलों का कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✓ 1. 38वां |
| | ✗ 2. 35वां |
| | ✗ 3. 40वां |
| | ✗ 4. 36वां |

| | |
|---|---|
| Q.12 | 1 जनवरी 2025 को भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र के संबंध में कौन-सी बड़ी घोषणा की? |
| Ans | ✗ 1. भारत एक नया रक्षा उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। |
| | ✗ 2. सेना की एक नई शाखा स्थापित की जाएगी। |
| | ✗ 3. भारत अपने रक्षा बजट में 50% की वृद्धि करेगा। |
| | ✓ 4. 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष घोषित किया गया है। |

| | |
|---|---|
| Q.13 | जनवरी 2025 में उद्घाटित, Z-मोड़ सुरंग (Z-Morh Tunnel) _______ में स्थित है। |
| Ans | ✗ 1. लद्दाख |
| | ✗ 2. पंजाब |
| | ✓ 3. जम्मू एवं कश्मीर |
| | ✗ 4. हिमाचल प्रदेश |

| | |
|---|---|
| Q.14 | बजट 2025-26 में पेश किए गए सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के लिए नई ऋण सीमा कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. ₹6 लाख |
| | ✓ 2. ₹5 लाख |
| | ✗ 3. ₹3 लाख |
| | ✗ 4. ₹7 लाख |

| | |
|---|---|
| Q.15 | मार्च 2025 में, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों की शिक्षा, समावेशन और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए आयोजित राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया? |
| Ans | ✗ 1. सुरेश गोपी |
| | ✗ 2. नितिन गडकरी |
| | ✗ 3. ज्योतिरादित्य सिंधिया |
| | ✓ 4. जॉर्ज कुरियन |

| | |
|---|---|
| Q.16 | आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, डीडीयूजीजेवाई (DDUGJY) और सौभाग्य (SAUBHAGYA) योजनाओं के तहत कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया? |
| Ans | ✓ 1. 18,374 |
| | ✗ 2. 21,564 |
| | ✗ 3. 15,374 |
| | ✗ 4. 24,564 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | हलक्की आदिवासी समुदाय द्वारा "वृक्ष देवी" के रूप सम्मानित की जाने वाली, पद्म श्री पुरस्कार विजेता तुलसी गौड़ा, जिनका दिसंबर 2024 में निधन हो गया, किस राज्य की पर्यावरणवादी थीं? |
| Ans | ✗ 1. ओडिशा |
| | ✗ 2. असम |
| | ✗ 3. गुजरात |
| | ✓ 4. कर्नाटक |

| | |
|---|---|
| Q.18 | अप्रैल 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा भूदृश्य गैर-वानिकी गतिविधियों और अतिक्रमणों की पहचान करने के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित सर्वेक्षण का केंद्र बन गया? |
| Ans | ✗ 1. अरावली पर्वतमाला |
| | ✓ 2. अगस्त्यमलाई |
| | ✗ 3. कोटा पहाड़ियां |
| | ✗ 4. नीलगिरि पहाड़ियां |

| | |
|---|---|
| Q.19 | भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2021 की तुलना में वन और वृक्ष आवरण में कुल कितनी वृद्धि हुई? |
| Ans | ✓ 1. 1,445 sq km |
| | ✗ 2. 1,340 sq km |
| | ✗ 3. 1,620 sq km |
| | ✗ 4. 1,500 sq km |

| | |
|---|---|
| Q.20 | निम्नलिखित में से किस डिजाइनर ने 2025 इंटरनेशनल वूलमार्क प्राइज (2025 International Woolmark Prize) जीता? |
| Ans | ✗ 1. एस्टर मानस (Ester Manas) |
| | ✓ 2. ड्यूरन लैंटिंक (Duran Lantink) |
| | ✗ 3. लुईस गेब्रियल नौची (Louis Gabriel Nouchi) |
| | ✗ 4. राउल लोपेज (Raul Lopez) |

Section : **General Studies**

| | |
|---|---|
| Q.1 | अनुच्छेद 51A के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक मौलिक कर्तव्यमहीं है? |
| Ans | ✓ 1. ईमानदारी से करों का भुगतान करना |
| | ✗ 2. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना |
| | ✗ 3. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना |
| | ✗ 4. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन की भावना विकसित करना |

| Q.2 | जम्मू और कश्मीर के संतूर वाद्ययंत्रों में किन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. लकड़ी, कांस्य और बांस |
| | ✗ 2. लकड़ी, कांस्य और स्टील |
| | ✓ 3. लकड़ी, स्टील और बांस |
| | ✗ 4. स्टील, कांस्य और बांस |

| Q.3 | 1991 के बाद भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग पर उदारीकरण का क्या प्रभाव पड़ा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. इसका उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। |
| | ✓ 2. इससे बाज़ार में वाहनों की मांग बढ़ी, जिससे उद्योग का स्वस्थ विकास हुआ। |
| | ✗ 3. इसके कारण वाहनों की मांग में गिरावट आई। |
| | ✗ 4. इसका लाभ केवल पैसेंजर कार अनुभाग को हुआ। |

| Q.4 | संपूर्ण पारितंत्र की रक्षा करके जैव-विविधता के संरक्षण की विधि को क्या कहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. बाह्यस्थाने संरक्षण (Ex situ conservation) |
| | ✗ 2. ऑफसाइट संरक्षण (Offsite conservation) |
| | ✗ 3. आनुवंशिक अभियांत्रिकी (Genetic engineering) |
| | ✓ 4. स्वस्थाने संरक्षण (In situ conservation) |

| Q.5 | भारत में प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र के विकास और विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>प्रायद्वीपीय नदियों में विसर्पण की कमी मुख्यतः मृदु जलोढ़ मैदानों के अभाव और भूभाग की आपेक्षिक पुरानी भूवैज्ञानिक आयु के कारण हुई है।<br>नर्मदा और तापी जैसी नदियों के डेल्टा न बनाने का मुख्य कारण तृतीय कल्प के दौरान प्रायद्वीप के पूर्वी भाग का अवतलन है।<br>प्रायद्वीपीय नदियाँ अधिकांशतः उत्तर-पूर्वी दिशा में प्रायद्वीप के झुकाव के कारण बंगाल की खाड़ी की ओर बहती हैं।<br>गंगा की सहायक नदियाँ जैसे चंबल और केन प्रायद्वीपीय क्षेत्र से आरंभ होती हैं, लेकिन हिमालय में होने वाले विवर्तनिक उत्थान के कारण उत्तर की ओर बहती हैं।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2, 3 और 4 |
| | ✓ 2. केवल 1 और 4 |
| | ✗ 3. 1, 3 और 4 |
| | ✗ 4. 1, 2 और 4 |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **किस बीज वैज्ञानिक के कार्य ने विश्व स्तर पर हरित क्रांति की नींव रखी?** |
| Ans | ✔ 1. नॉर्मन बोरलॉग (Norman Borlaug) |
| | ✘ 2. वी. कुरियन (V Kurien) |
| | ✘ 3. एम.एस. स्वामीनाथन (MS Swaminathan) |
| | ✘ 4. जी.के. चड्ढा (GK Chadha) |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **ई-ग्रामस्वराज (eGramSwaraj) पोर्टल का मुख्य उद्देश्य क्या है?** |
| Ans | ✘ 1. शहरी विकास परियोजनाओं का अनुवीक्षण करना और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन में सुधार करना |
| | ✘ 2. गाँवों में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देना |
| | ✘ 3. ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन में सुधार करना |
| | ✔ 4. पंचायती राज संस्थाओं (PRI) की आयोजना, रिपोर्टिंग और लेखांकन में पारदर्शिता बढ़ाना |

| | |
|---|---|
| Q.8 | **चोलों के शासनकाल में रामायण के तमिल संस्करण की रचना किसने की?** |
| Ans | ✘ 1. पम्पा (Pampa) |
| | ✘ 2. नन्नैया (Nanniah) |
| | ✔ 3. कंबन (Kamban) |
| | ✘ 4. तिक्कन्ना (Tikkanna) |

| | |
|---|---|
| Q.9 | **भारतीय संसद में संसदीय समितियों का प्राथमिक कार्य, निम्नलिखित में से क्या है?** |
| Ans | ✘ 1. राष्ट्रीय चुनाव और जनमत संग्रह कराना |
| | ✘ 2. कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कानूनों का प्रवर्तन करना |
| | ✘ 3. संवैधानिक संशोधनों पर प्रत्यक्ष निर्णय लेना |
| | ✔ 4. सरकारी नीतियों और कार्यों की समीक्षा करना |

| | |
|---|---|
| Q.10 | **निम्नलिखित में से कौन 'रुपया (Rupiya)' नामक चाँदी का सिक्का चलन में लाने वाला पहला शासक था?** |
| Ans | ✘ 1. हुमायूँ |
| | ✔ 2. शेरशाह सूरी |
| | ✘ 3. मुहम्मद शाह |
| | ✘ 4. औरंगज़ेब |

| | |
|---|---|
| Q.11 | 'भूमि उपयोग सांख्यिकी एक नज़र में: 2022-23' के अनुसार, भारत में शुद्ध बोए गए क्षेत्र में शुद्ध सिंचित क्षेत्र का अधिकतम हिस्सा निम्नलिखित में से किसका था? |
| Ans | ✔ 1. पंजाब |
| | ✘ 2. उत्तर प्रदेश |
| | ✘ 3. हरियाणा |
| | ✘ 4. तमिलनाडु |

| | |
|---|---|
| Q.12 | 1991 की नीति में शुरू किए गए व्यापार एवं विदेशी निवेश सुधारों के परिणामस्वरूप, भारत का व्यापारिक निर्यात 1990-91 के .......... से बढ़कर, 2000-01 में ............. हो गया। |
| Ans | ✘ 1. $25.7 बिलियन, $50.2 बिलियन |
| | ✘ 2. $30 बिलियन, $60.3 बिलियन |
| | ✘ 3. $10.5 बिलियन, $30.6 बिलियन |
| | ✔ 4. $18.4 बिलियन, $44.8 बिलियन |

| | |
|---|---|
| Q.13 | आर्थिक समीक्षा, 2024-25 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा भारत की ग्रामीण रोजगार रणनीति के भीतर संरचनात्मक अंतर्विरोध को दर्शाता है? |
| Ans | ✘ 1. बढ़ते स्वनियोजन के साथ-साथ अनियत श्रम में गिरावट |
| | ✘ 2. बढ़ती ग्रामीण मज़दूरी के साथ-साथ लोक निर्माण कार्यक्रम |
| | ✘ 3. कम जॉब कार्ड सक्रियण के साथ उच्च सहभागिता |
| | ✔ 4. ग्रामीण रोज़गार सृजन के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण |

| | |
|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सुमेलित है/हैं?<br><br>1. अंजुमन-ए-मोहिस्बान-ए-वतन - अजीत सिंह<br>2. रामोसी किसान बल - वासुदेव बलवंत फडके<br>3. अनुशीलन समिति - प्रमथ मित्रा और बारीन्द्र घोष |
| Ans | ✔ 1. 1, 2 और 3 सभी |
| | ✘ 2. केवल 1 और 2 |
| | ✘ 3. केवल 1 और 3 |
| | ✘ 4. केवल 2 और 3 |

| Q.15 | हड़प्पा के घरों के निर्माण में मुख्यतः किस सामग्री का प्रयोग किया जाता था? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ईंटें (Bricks) |
| | ✘ 2. प्रकाष्ठ (Timber) |
| | ✘ 3. बलुआ पत्थर (Sandstone) |
| | ✘ 4. ग्रेनाइट (Granite) |

| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, प्राय: भारत में उच्च न्यायालयों द्वारानहीं किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों की समीक्षा करना |
| | ✘ 2. राज्य के भीतर निचली अदालतों का अधीक्षण करना |
| | ✔ 3. प्रथम दृष्टया न्यायालय के रूप में आपराधिक मामलों की सुनवाई करना |
| | ✘ 4. मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करना |

| Q.17 | भारत में अंग्रेजों के अधीन, वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट कब पारित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 1906 |
| | ✔ 2. 1878 |
| | ✘ 3. 1935 |
| | ✘ 4. 1903 |

| Q.18 | लद्दाख में कम वर्षा क्यों होती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. हिमालय पर्वतों के वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होने के कारण |
| | ✘ 2. इसकी शीत मरुस्थल जलवायु के कारण |
| | ✘ 3. इसके उच्च उन्नतांश के कारण |
| | ✘ 4. भूमध्य रेखा से इसकी सामीप्यता के कारण |

| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मौलिक अधिकारों और नीति के निर्देशक सिद्धांतों के बीच के संबंध का सर्वोत्तम ढंग से वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. संघर्ष की स्थिति में नीति-निर्देशक सिद्धांत श्रेष्ठ माने जाते हैं |
| | ✘ 2. मौलिक अधिकार सदैव अभिभावी होते हैं |
| | ✔ 3. न्यायपालिका का लक्ष्य दोनों में सामंजस्य स्थापित करना है |
| | ✘ 4. यदि निर्देशक सिद्धांत, अधिकारों से टकराते हैं तो वे अप्रासंगिक होते हैं |

| Q.20 | केंद्रीय बजट 2024-25 के अनुसार, 2023-24 के वास्तविक व्यय की तुलना में 2024-25 के लिए सरकार के अनुमानित कुल व्यय में कितने प्रतिशत की वृद्धि है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 8.5% |
| | ✘ 2. 10.0% |
| | ✘ 3. 5.5% |
| | ✘ 4. 12.5% |

Section : **Numerical Aptitude**

| Q.1 | एक वृत्ताकार पथ पर, A और B क्रमशः 5 चक्कर प्रति घंटा और 6 चक्कर प्रति घंटा की चाल से विपरीत दिशा में चलते हैं। 2.5 घंटे में वे एक-दूसरे को कितनी बार पार करेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 27 |
| | ✘ 2. 30 |
| | ✘ 3. 23 |
| | ✘ 4. 25 |

| Q.2 | A, B और C की वर्तमान आयु का योग 140 वर्ष है। अब से 21 वर्ष पूर्व, उनकी आयु का अनुपात 3 : 6 : 2 था। C की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 36 |
| | ✘ 2. 33 |
| | ✔ 3. 35 |
| | ✘ 4. 37 |

| Q.3 | नमक के एक विलयन में 60% नमक है। नमक के दूसरे विलयन में 60% पानी है। दूसरे विलयन के 63 लीटर को पहले विलयन के 27 लीटर में मिलाकर x% नमक का विलयन बनाया जाता है। अंतिम विलयन में पानी और नमक का अनुपात कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 19 : 15 |
| | ✘ 2. 29 : 24 |
| | ✘ 3. 33 : 31 |
| | ✔ 4. 27 : 23 |

| Q.4 | 333 और 346 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 1 |
| | ✘ 2. 4 |
| | ✘ 3. 3 |
| | ✘ 4. 2 |

| Q.5 | किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹1,476 है। विक्रेता, 22% की छूट देने के बाद 28% का लाभ अर्जित करना चाहता है। वस्तु का अंकित मूल्य कितना होगा? (उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. ₹2,425 |
| | ✔ 2. ₹2,422 |
| | ✘ 3. ₹2,429 |
| | ✘ 4. ₹2,420 |

| Q.6 | एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 492 m की दूरी 164 सेकंड में तय करता है। वह समान दूरी का दूसरा चक्कर 82 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 8 |
| | ✘ 2. 1 |
| | ✔ 3. 4 |
| | ✘ 4. 2 |

| Q.7 | 13 पेन और 3 नोटबुक की कीमत ₹234 है। यदि एक पेन की कीमत ₹6 कम हो जाती है और एक नोटबुक की कीमत ₹9 बढ़ जाती है, तो 16 पेन और 2 नोटबुक की कीमत ₹144 हो जाती है। 6 पेन और 17 नोटबुक की मूल कीमत कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. ₹722 |
| | ✔ 2. ₹717 |
| | ✘ 3. ₹718 |
| | ✘ 4. ₹721 |

| Q.8 | मान लीजिए k एक प्राकृत संख्या है और 1 ≤ k ≤ 16 है। मान लीजिए A दो अंकों वाली प्राकृत संख्याओं का एक समुच्चय है जो 6k + 1 के रूप में है, B दो अंकों वाली अभाज्य संख्याओं का समुच्चय है जो 6k + 1, n(A) = x, n(B) = y के रूप में है, और समुच्चय A के सह-अभाज्य संख्याओं के युग्मों की संख्या z है। x + y + z का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 100 |
| | ✓ 2. 125 |
| | ✗ 3. 225 |
| | ✗ 4. 231 |

| Q.9 | एक व्यक्ति ने ₹54,000 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों के लिए निवेश किया। 2 वर्ष बाद उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 8,640 |
| | ✓ 2. 62,640 |
| | ✗ 3. 9,640 |
| | ✗ 4. 63,640 |

| Q.10 | यदि अतुल और विग्नेश अलग-अलग किसी कार्य को करते हैं, तो वे क्रमशः 10 और 12 दिनों में कार्य को समाप्त कर सकते हैं, यदि विग्नेश कार्य प्रारंभ करता है तथा वे एक ही कार्य पर एकान्तर दिनों में कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में समाप्त हो जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $\frac{65}{6}$ |
| | ✗ 2. 6 |
| | ✗ 3. $\frac{35}{6}$ |
| | ✓ 4. 11 |

| Q.11 | यदि पहली संख्या का 51%, दूसरी संख्या के 5/7वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 503 : 354 |
| | ✗ 2. 495 : 353 |
| | ✓ 3. 500 : 357 |
| | ✗ 4. 504 : 356 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | $8.05\bar{1} - 4.28\bar{6}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $\frac{3288}{909}$ |
| | ✗ 2. $\frac{3688}{900}$ |
| | ✓ 3. $\frac{3388}{900}$ |
| | ✗ 4. $\frac{3488}{1100}$ |

| | |
|---|---|
| Q.13 | दस वर्ष पहले, एक पिता और पुत्र की औसत आयु 16 वर्ष थी और 20 वर्ष बाद, पिता और पुत्र की आयु के तीन गुना की औसत आयु 78 वर्ष होगी। उनकी वर्तमान आयु में अंतर कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 23 वर्ष |
| | ✗ 2. 19 वर्ष |
| | ✓ 3. 28 वर्ष |
| | ✗ 4. 32 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.14 | तीन पाइप एक खाली पानी की टंकी को $\frac{3}{4}$ घंटे, 2 घंटे और $1\frac{1}{2}$ घंटे में भर सकते हैं। A और B को एक साथ खोला जाता है। यदि 30 मिनट बाद C को भी खोल दिया जाता है, तो शुरू से टंकी को भरने में कुल कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✗ 1. 36 |
| | ✗ 2. 31 |
| | ✓ 3. 32 |
| | ✗ 4. 35 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | किसी कंटेनर में 3 : 1 के अनुपात में, तरल-पदार्थ A और B के मिश्रण को रखा जाता है। कुल आयतन के कितने भाग को तरल-पदार्थ B से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि A और B का नया अनुपात 1 : 1 हो जाए? |
| Ans | ✗ 1. $\frac{2}{3}$ |
| | ✗ 2. $\frac{1}{4}$ |
| | ✗ 3. $\frac{3}{4}$ |
| | ✓ 4. $\frac{1}{3}$ |

| | |
|---|---|
| Q.16 | किसी धनराशि पर 7% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों के साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज का अंतर ₹73 है। धनराशि ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✗ 1. ₹14,892 |
| | ✗ 2. ₹14,887 |
| | ✓ 3. ₹14,898 |
| | ✗ 4. ₹14,900 |

| | |
|---|---|
| Q.17 | सचिन को सेल में पहले वर्ष में 5% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि प्राप्त होती है, जिससे उनकी वर्तमान सेल ₹2,26,800 हो जाती है। दो वर्ष पहले उसका सेल (₹ में) कितना था? |
| Ans | ✓ 1. 1,80,000 |
| | ✗ 2. 1,60,000 |
| | ✗ 3. 1,89,000 |
| | ✗ 4. 2,16,000 |

| | |
|---|---|
| Q.18 | $196a^2 + 504ab + 324b^2$ का गुणनखंड कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $(18a + 14b)^2$ |
| | ✗ 2. $(18a - 14b)^2$ |
| | ✓ 3. $(14a + 18b)^2$ |
| | ✗ 4. $(14a - 18b)^2$ |

| | |
|---|---|
| Q.19 | मैंने ₹1,200 में दो म्यूज़िक प्लेयर खरीदा। मैंने पहले म्यूज़िक प्लेयर को 13% की हानि पर और दूसरे म्यूज़िक प्लेयर को 17% के लाभ पर बेचा। यदि, कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहले म्यूज़िक प्लेयर का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था? |
| Ans | ✗ 1. 704 |
| | ✗ 2. 664 |
| | ✗ 3. 700 |
| | ✓ 4. 680 |

| Q.20 | एक वितरक एक व्यापारिक छूट प्रदान करता है जिसमें ₹1,00,000 से अधिक के ऑर्डर पर 10% स्कीम छूट और 10 दिनों के अंदर भुगतान करने पर स्कीम छूट के बाद ऑर्डर मूल्य पर 3% नकद छूट शामिल है। यदि ₹1,50,000 के ऑर्डर का भुगतान 7 दिनों के अंदर किया जाता है, तो छूट की कुल राशि ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ₹19,050 |
| | ✘ 2. ₹19,150 |
| | ✘ 3. ₹16,050 |
| | ✘ 4. ₹15,950 |






Section : **Reasoning or Logical Aptitude**

| Q.1 | दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव या उभयनिष्ठ कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही उत्तर चुनिए।<br><br>I. अभिभावक संघ ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और अनुरोध किया कि स्कूलों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं को पाठ्यक्रम के केवल 25 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए।<br>II. स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक निर्देश जारी किया है कि मोबाइल फोन और लैपटॉप के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में आँखों की क्षति और तनाव संबंधी बीमारियाँ हो सकती हैं। |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✘ 2. I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। |
| | ✘ 3. I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं |
| | ✘ 4. I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है। |

| Q.2 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि ‘A, B का पुत्र है’,<br>A – B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’,<br>A @ B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’, और<br>A % B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’।<br><br>यदि ‘W – E + R % H @ U’ है, तो W का U से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. पिता |
| | ✘ 2. पत्नी का पिता |
| | ✘ 3. भाई |
| | ✔ 4. पत्नी का भाई |

| | |
|---|---|
| Q.3 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>147 A 7 C 104 D 17 B 6 = ? |
| Ans | ✔ 1. 23 |
| | ✘ 2. 36 |
| | ✘ 3. 31 |
| | ✘ 4. 26 |

| | |
|---|---|
| Q.4 | सात बक्से, I, J, K, L, B, C और D, एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>K के ऊपर केवल J को रखा गया है, I और L के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। L के नीचे कोई बक्सा नहीं रखा गया है। C को D के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है लेकिन B के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।<br>B और J के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? |
| Ans | ✘ 1. तीन |
| | ✘ 2. दो |
| | ✘ 3. एक |
| | ✔ 4. चार |

| | |
|---|---|
| Q.5 | उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में अंतर्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।  (X) |
| Ans | ✗ 1.  |
| | ✗ 2.  |
| | ✗ 3.  |
| | ✓ 4.  |

| | |
|---|---|
| Q.6 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✓ 1. PI-KP |
| | ✗ 2. DV-YD |
| | ✗ 3. FX-AF |
| | ✗ 4. OG-JO |

| Q.7 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 3, 125 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 5, 729 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना अनुमत है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 9 |
| | ✗ 2. 4 |
| | ✓ 3. 1 |
| | ✗ 4. 16 |

| Q.8 | C, D, E, K, L और M एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। E सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन चौथी मंजिल पर नहीं। E और M के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। C विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन सबसे निचली मंजिल पर नहीं। C और L के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। K, C के ठीक नीचे रहता है। D और K के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एक |
| | ✗ 2. तीन |
| | ✓ 3. दो |
| | ✗ 4. चार |

| Q.9 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WARD' को '1624' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DOGS' को '5239' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।<br>दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 4 |
| | ✓ 2. 2 |
| | ✗ 3. 9 |
| | ✗ 4. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | **एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>C, I, L, N, R, और Y एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। उनमें से कौन Y के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है?<br>(I) N और I के तलों के बीच के तलों पर केवल चार व्यक्ति रहते हैं। C, I के तल के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है।<br>(II) C और R के तलों के बीच के तल पर केवल एक व्यक्ति रहता है। Y, N के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है।** |
| Ans | ✗ 1. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |
| | ✓ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✗ 3. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 4. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |

| | |
|---|---|
| Q.11 | **एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M @ A ÷ N # D + E' है, तो M का E से क्या संबंध है?** |
| Ans | ✗ 1. पत्नी के पिता की बहन |
| | ✗ 2. पुत्र की पत्नी के पिता की माता |
| | ✗ 3. पुत्र की पत्नी |
| | ✓ 4. पुत्र की पत्नी के पिता की बहन |

| | |
|---|---|
| Q.12 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>326 295 281 250 236 205 ? |
| Ans | ✗ 1. 174 |
| | ✓ 2. 191 |
| | ✗ 3. 185 |
| | ✗ 4. 171 |

| | |
|---|---|
| Q.13 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>34 46 66 94 130 ? |
| Ans | ✗ 1. 178 |
| | ✗ 2. 162 |
| | ✗ 3. 167 |
| | ✓ 4. 174 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | सात व्यक्ति, C, D, E, F, L, M और N, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, C के<br>ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ 1. L |
| | ✗ 2. C |
| | ✓ 3. D |
| | ✗ 4. M |

| | |
|---|---|
| Q.15 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'JOIN' को '7245' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'IDEA' को '1436' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'I' का कूट क्या होगा? |
| Ans | ✗ 1. 6 |
| | ✓ 2. 4 |
| | ✗ 3. 2 |
| | ✗ 4. 1 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। उनमें से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✔ 1. JN-GJ |
| | ✘ 2. KO-KI |
| | ✘ 3. XB-XV |
| | ✘ 4. YC-YW |

| | |
|---|---|
| Q.17 | राघव, बिंदु A से शुरू करते हुए पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है और 10 km ड्राइव करके बिंदु P पर पहुँचकर रुक जाता है। वहाँ से बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
| Ans | ✔ 1. 8 km, उत्तर की ओर |
| | ✘ 2. 8 km, दक्षिण की ओर |
| | ✘ 3. 7 km, उत्तर की ओर |
| | ✘ 4. 7 km, दक्षिण की ओर |

**Q.18** एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

पांच पेड़ A, C, E, H और V की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से चौथा सबसे लंबा पेड़ कौन-सा है?
(I) केवल एक पेड़ की लंबाई, C की लंबाई से कम है। ठीक दो पेड़ों की लंबाई, A की लंबाई से अधिक है।
(II) H की लंबाई, E की लंबाई से अधिक है। A की लंबाई, V की लंबाई से अधिक है।

**Ans**


✔ 1. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।


✗ 3. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।


✗ 4. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।


**Q.19** दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है।




**Ans**

✗ 1. 

✔ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

| Q.20 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी डिप, बिस्कुट हैं।<br>सभी बिस्कुट, चॉकलेट हैं।<br>सभी चॉकलेट, जूस हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): सभी बिस्कुट, डिप हैं।<br>(II): सभी जूस, चॉकलेट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

Section : **English**

| Q.1 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>You cannot apply for this post _______ you are a graduate. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. unless |
| | ✗ 2. for |
| | ✗ 3. since |
| | ✗ 4. until |

| Q.2 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>Despite initial resistance, the fugitive eventually yielded _______ the deceptive assurances provided by undercover agents posing as sympathizers. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. over |
| | ✗ 2. for |
| | ✓ 3. to |
| | ✗ 4. into |

| Q.3 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br>A. My early ambition was to see God face to face.<br>B. Naturally, every action in public or private life was, for me, a step toward this goal.<br>C. Even political activism, therefore, became part of that spiritual journey.<br>D. Although I knew the path was difficult, it became the core of my being. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ACDB |
| | ✗ 2. CBDA |
| | ✗ 3. BCDA |
| | ✓ 4. ADBC |

| Q.4 | Select the word that can best replace the underlined phrase in the given passage without changing the meaning of the passage.<br><br>Gandhi believed that students must serve society and follow moral laws. He argued that <u>the act of doing what one is told by someone in authority</u>must be rooted in truth and conscience. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. obsession |
| | ✗ 2. obeisance |
| | ✗ 3. orientation |
| | ✓ 4. obedience |

| | |
|---|---|
| Q.5 | **Select the most appropriate meaning of the given proverb.**<br><br>**Actions speak louder than words.** |
| Ans | ✗ 1. After the victory, tighten your helmet chord. |
| | ✗ 2. A good listener is a silent flatterer. |
| | ✗ 3. Absence makes the heart grow fonder. |
| | ✓ 4. What you do is more important than what you say. |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following sentence.**<br><br>**By that time, cinnamon was being grown in other parts of the Indian Ocean region and in the West Indies, Brazil and Guyana. Not only was <u>a complete control and possession</u> of cinnamon becoming impossible, but the spice trade overall was diminishing in economic potential and was eventually superseded by the rise of trade in coffee, tea, chocolate and sugar.** |
| Ans | ✗ 1. duopoly |
| | ✗ 2. oligopoly |
| | ✗ 3. pluralism |
| | ✓ 4. monopoly |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.**<br><br>**Akanksha had studied in __________ university of great reputation.** |
| Ans | ✗ 1. an |
| | ✓ 2. a |
| | ✗ 3. No article required |
| | ✗ 4. the |

| Q.8 | Select the most appropriate option that rectifies the incorrectly spelt word in the given sentence.<br><br>Kennedy excuriated the administration's increasingly autocratic tendencies in a sweeping, meticulously argued treatise that condemned not only the erosion of democratic norms but also the insidious manipulation of public discourse, which, he contended, had rendered dissent perilous and compliance disturbingly normalised. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. perilious |
| | ✗ 2. contented |
| | ✗ 3. insiduous |
| | ✓ 4. excoriated |

| Q.9 | Select the most appropriate adverb to fill in the blank.<br><br>The newly discovered bioluminescent bacteria emitted a radiant and _____ bright light when exposed to oxygen. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. incidentally |
| | ✗ 2. indignantly |
| | ✗ 3. inquisitively |
| | ✓ 4. incandescently |

| | |
|---|---|
| Q.10 | Rectify the sentence by selecting the correct spelling of the incorrectly spelt word in the given sentence.<br><br>When faced with life-altering decisions, he often vaccillates between logic and emotion, unable to reconcile the pragmatic path with the pull of his heart's desires. |
| Ans | ✔ 1. Vacillates |
| | ✘ 2. Alterring |
| | ✘ 3. Pregmatic |
| | ✘ 4. Reconciel |

| | |
|---|---|
| Q.11 | Select the most appropriate meaning of the given phrase.<br><br>Gall and wormwood |
| Ans | ✘ 1. To experience refreshing clarity and ease |
| | ✘ 2. To develop righteousness and virtue through adversity |
| | ✘ 3. To be positioned at the most basic place within a company |
| | ✔ 4. To harbor intense feelings of animosity and resentment |

| | |
|---|---|
| Q.12 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>It is springtime, ______ season of rejuvenation in many countries. |
| Ans | ✘ 1. the |
| | ✘ 2. No article required |
| | ✔ 3. a |
| | ✘ 4. an |

| | |
|---|---|
| Q.13 | Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.<br><br>We need a disinterested mediator to assist us with this thorny issue. |
| Ans | ✗ 1. Disinclined |
| | ✗ 2. Distinguished |
| | ✓ 3. Partisan |
| | ✗ 4. Bored |

| | |
|---|---|
| Q.14 | Sentences of a paragraph are given below. While the first and the last sentences (S1 and S6) are in the correct order, the sentences in between are jumbled up. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br><br>S1. In the task-completion study, Hohenstein found that the humans took credit for positive outcomes.<br>A. In doing so, the algorithm protected the human relationship and provided a buffer for our own failings.<br>B. When a partner was using Smart Reply, it initially made the receiver feel more positive about the other person.<br>C. It raises a deeper question of transparency: should it be revealed that an AI has helped craft a response?<br>D. When something went wrong, the AI was blamed.<br>S6. But when told that an AI was involved, they felt uncomfortable. |
| Ans | ✗ 1. DABC |
| | ✓ 2. DACB |
| | ✗ 3. BCDA |
| | ✗ 4. BACD |

| Q.15 | Select the most appropriate ANTONYM for the underlined word in the given sentence.<br><br>The air quality remained poor since Monday, only to improve to moderate on Saturday. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. placid |
| | ✗ 2. balmy |
| | ✗ 3. pleasant |
| | ✓ 4. intemperate |

| | Comprehension: |
|---|---|

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Globalisation, liberalisation, and the free market are dominant themes in modern economic thought. Many economists in India are strongly influenced by the idea that market forces should determine everything, especially prices. This belief dismisses any pricing mechanism outside the aggregate decisions of consumers as abnormal or harmful. However, in industrialised societies, price-fixing is not only normal but essential for the functioning of the economy.

The development of modern industry naturally leads to a system where a few large firms dominate. These firms, while competing, also share common interests, especially in maintaining stable demand. As a result, they avoid aggressive price-cutting, not through explicit collusion, but through mutual understanding of their shared economic environment. This form of implicit price-fixing stabilises the market and supports long-term planning.

Economists often overlook this phenomenon because it does not fit the classical model of open, competitive pricing or overt collusion. Furthermore, the belief that the unregulated free market is the most efficient system ignores evidence from non-socialist economies. Many of these countries openly or tacitly practice price-fixing—either through cartels or industry agreements—yet show no signs of economic stagnation or inefficiency. If the free market were inherently more efficient, these nations would have underperformed. However, the opposite is often true, suggesting that price-fixing, far from being detrimental, can be a functional and even necessary aspect of a stable and thriving industrial economy.

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 16** |
| **Q.16** | **What does the passage imply about the efficiency of free markets versus price-fixing mechanisms?** |
| **Ans** | ✗ 1. Price-fixing is inferior and should be avoided. |
| | ✗ 2. Free markets are always more efficient. |
| | ✓ 3. There is no clear evidence that free markets outperform price-fixing systems. |
| | ✗ 4. Government regulation ruins both systems. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Globalisation, liberalisation, and the free market are dominant themes in modern economic thought. Many economists in India are strongly influenced by the idea that market forces should determine everything, especially prices. This belief dismisses any pricing mechanism outside the aggregate decisions of consumers as abnormal or harmful. However, in industrialised societies, price-fixing is not only normal but essential for the functioning of the economy.<br><br>The development of modern industry naturally leads to a system where a few large firms dominate. These firms, while competing, also share common interests, especially in maintaining stable demand. As a result, they avoid aggressive price-cutting, not through explicit collusion, but through mutual understanding of their shared economic environment. This form of implicit price-fixing stabilises the market and supports long-term planning.<br><br>Economists often overlook this phenomenon because it does not fit the classical model of open, competitive pricing or overt collusion. Furthermore, the belief that the unregulated free market is the most efficient system ignores evidence from non-socialist economies. Many of these countries openly or tacitly practice price-fixing—either through cartels or industry agreements—yet show no signs of economic stagnation or inefficiency. If the free market were inherently more efficient, these nations would have underperformed. However, the opposite is often true, suggesting that price-fixing, far from being detrimental, can be a functional and even necessary aspect of a stable and thriving industrial economy. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 17** |
| **Q.17** | **The passage implies that market mechanisms in real-world capitalist economies are:** |
| **Ans** | ✗ 1. illusory and based on outdated models |
| | ✗ 2. chaotic and unmanageable |
| | ✓ 3. hybrid systems involving elements of both free-market and controlled pricing |
| | ✗ 4. purely competitive |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Globalisation, liberalisation, and the free market are dominant themes in modern economic thought. Many economists in India are strongly influenced by the idea that market forces should determine everything, especially prices. This belief dismisses any pricing mechanism outside the aggregate decisions of consumers as abnormal or harmful. However, in industrialised societies, price-fixing is not only normal but essential for the functioning of the economy.<br><br>The development of modern industry naturally leads to a system where a few large firms dominate. These firms, while competing, also share common interests, especially in maintaining stable demand. As a result, they avoid aggressive price-cutting, not through explicit collusion, but through mutual understanding of their shared economic environment. This form of implicit price-fixing stabilises the market and supports long-term planning.<br><br>Economists often overlook this phenomenon because it does not fit the classical model of open, competitive pricing or overt collusion. Furthermore, the belief that the unregulated free market is the most efficient system ignores evidence from non-socialist economies. Many of these countries openly or tacitly practice price-fixing—either through cartels or industry agreements—yet show no signs of economic stagnation or inefficiency. If the free market were inherently more efficient, these nations would have underperformed. However, the opposite is often true, suggesting that price-fixing, far from being detrimental, can be a functional and even necessary aspect of a stable and thriving industrial economy. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 18** |
| **Q.18** | **What is the central theme of the passage?** |
| **Ans** | ✔ 1. The reality and necessity of price-fixing in modern economies |
| | ✘ 2. The failure of globalisation |
| | ✘ 3. Importance of consumer rights in competitive pricing |
| | ✘ 4. Harmful effects of liberalisation |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Globalisation, liberalisation, and the free market are dominant themes in modern economic thought. Many economists in India are strongly influenced by the idea that market forces should determine everything, especially prices. This belief dismisses any pricing mechanism outside the aggregate decisions of consumers as abnormal or harmful. However, in industrialised societies, price-fixing is not only normal but essential for the functioning of the economy.

The development of modern industry naturally leads to a system where a few large firms dominate. These firms, while competing, also share common interests, especially in maintaining stable demand. As a result, they avoid aggressive price-cutting, not through explicit collusion, but through mutual understanding of their shared economic environment. This form of implicit price-fixing stabilises the market and supports long-term planning.

Economists often overlook this phenomenon because it does not fit the classical model of open, competitive pricing or overt collusion. Furthermore, the belief that the unregulated free market is the most efficient system ignores evidence from non-socialist economies. Many of these countries openly or tacitly practice price-fixing—either through cartels or industry agreements—yet show no signs of economic stagnation or inefficiency. If the free market were inherently more efficient, these nations would have underperformed. However, the opposite is often true, suggesting that price-fixing, far from being detrimental, can be a functional and even necessary aspect of a stable and thriving industrial economy.

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 19** |
| **Q.19** | **Select the most appropriate ANTONYM of the word given in the passage.**<br><br>**Overt** |
| **Ans** | ✗ 1. Transparent |
| | ✗ 2. Visible |
| | ✓ 3. Hidden |
| | ✗ 4. Direct |

| | Comprehension: |
|---|---|
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Globalisation, liberalisation, and the free market are dominant themes in modern economic thought. Many economists in India are strongly influenced by the idea that market forces should determine everything, especially prices. This belief dismisses any pricing mechanism outside the aggregate decisions of consumers as abnormal or harmful. However, in industrialised societies, price-fixing is not only normal but essential for the functioning of the economy.<br><br>The development of modern industry naturally leads to a system where a few large firms dominate. These firms, while competing, also share common interests, especially in maintaining stable demand. As a result, they avoid aggressive price-cutting, not through explicit collusion, but through mutual understanding of their shared economic environment. This form of implicit price-fixing stabilises the market and supports long-term planning.<br><br>Economists often overlook this phenomenon because it does not fit the classical model of open, competitive pricing or overt collusion. Furthermore, the belief that the unregulated free market is the most efficient system ignores evidence from non-socialist economies. Many of these countries openly or tacitly practice price-fixing—either through cartels or industry agreements—yet show no signs of economic stagnation or inefficiency. If the free market were inherently more efficient, these nations would have underperformed. However, the opposite is often true, suggesting that price-fixing, far from being detrimental, can be a functional and even necessary aspect of a stable and thriving industrial economy. |

| | SubQuestion No : 20 |
|---|---|
| Q.20 | **Select the most appropriate synonym of the word given in the passage.**<br><br>**Pernicious** |
| Ans | ✗ 1. Harmless |
| | ✗ 2. Useful |
| | ✓ 3. Destructive |
| | ✗ 4. Inefficient |